तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, रविवार 3 मई 2026

12 सरस्वती शिशु मंदिर संबलपुर हाई स्कूल का परीक्षा...



12 आर्थिक अभाव नहीं बनेगी पढ़ाई में बाधा छात्रों...








## खबर संक्षेप

### इलाज के दौरान युवक की मौत

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत थानापारा बांदे निवासी 22 वर्षीय रजक बढ़ई पिता रामेश्वर बढ़ई का इलाज के दौरान 1 मई को मौत हो गया। रायपुर के अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### महिला की मौत पर मर्ग कायम

**कांकेर।** थाना बांदे अंतर्गत थानापारा बांदे निवासी 60 वर्षीय सावित्रि बाछड़ा पति कालीपद बाछड़ा का 21 अक्टूबर को मौत हो गया। थाना गोलबाजार रायपुर से बिना नंबरी मर्ग कायम कर असल नंबरी मर्ग कायम करने के लिए बांदे थाना पेश किया गया गया। थाना बांदे में असल नंबरी मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### जैन मंदिर में आध्यात्मिक व बौद्धिक महोत्सव आज

**कांकेर।** श्री संघ कांकेर के पावन तत्वावधान में 3 मई रविवार को एक दिव्य आध्यात्मिक एवं बौद्धिक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम श्रीमुनिसुव्रत जिनालय, राजापारा में प्रातः 8:30 बजे प्रारंभ होगा। परम पूज्य आचार्य विनय कुशल मुनि जी के मंगलमय सान्निध्य तथा उग्र तपस्वी विराग मुनि जी के मार्गदर्शन में उनके प्रतिभाशाली शिष्य बाल मुनि हंसभद्र जी द्वारा "शतावधानी" का अद्भुत प्रदर्शन किया जाएगा। यह आयोजन स्मरण शक्ति, ध्यान, धैर्य और चित्त की स्थिरता का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करेगा।

# सुशासन तिहार की घोषणाएं हुईं साकार, मांदरीगांव में दिखा विकास का असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

सुशासन तिहार के दौरान की गई घोषणाएं अब केवल कागजों तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर उनका प्रभाव साफ दिखाई देने लगा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल से कांकेर विकासखंड के ग्राम मांदरी में विकास की नई तस्वीर उभरकर सामने आई है, जहां विभिन्न निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद ग्रामीणों में उत्साह और संतोष का माहौल है। विकासखँड कांकेर के ग्राम पंचायत मांदरी के उपसरपंच छबिलाल कुमेटी ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले वर्ष सुशासन तिहार के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा गांव के सर्वांगीण विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई थीं।

▶▶| शेष पेज 10 पर

**स्कूल अहाता, सीसी रोड आंबा उन्नयन से ग्रामीणों में खुशी**



### बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा

ग्राम के पूर्व सरपंच दशरथ कुरेटी ने बताया कि हाई स्कूल परिसर में अहाता निर्माण गांव की प्रमुख मांगों में शामिल था। पहले स्कूल खुला होने के कारण असामाजिक तत्वों का आना-जाना बना रहता था, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती थी। अब परिसर सुरक्षित हो गया है और विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल रहा है।

### विकास को दी नई दिशा

ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन विकास कार्यों से गांव में सकारात्मक बदलाव आया है। सुशासन तिहार की पहल ने मांदरी को विकास की नई दिशा दी है, जिससे लोगों का शासन पर विश्वास और मजबूत हुआ है।

## सरकार और संगठन शहीद परिवारों के साथ, हर संभव मदद का भरोसा

# कांकेर-नारायणपुर बारूदी धमाके में शहादत पर जनप्रतिनिधियों ने जताया शोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांकेर-नारायणपुर सीमा क्षेत्र में शनिवार को डी-माइनिंग और सर्च ऑपरेशन के दौरान हुए भीषण बारूदी विस्फोट में डीआरजी के चार जांबाज जवानों के शहीद होने की खबर से पूरे प्रदेश में शोक की लहर दौड़ गई है। शहीदों में इंस्पेक्टर सुखराम वट्टी, कॉन्स्टेबल कृष्णा कोमरा, कॉन्स्टेबल संजय गढपाले और कॉन्स्टेबल परमानंद कोमरा शामिल हैं, जिन्होंने कर्तव्य पथ पर अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने शहीद जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि बस्तर की शांति और सुरक्षा के लिए दिया गया यह सर्वोच्च बलिदान कभी व्यर्थ नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि वीर जवानों ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए आम जनता की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि शहीदों की पुण्य आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोक संतप्त परिवारों को इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें। उन्होंने यह भी बताया कि माओवादियों द्वारा बस्तर संभाग के जंगलो में बिछाए गए आईईडी को सुरक्षा बल लगातार बरामद कर निष्क्रिय कर रहे हैं, जिससे हाल के महीनों में सैकड़ों संभावित बड़ी घटनाओं को टाला गया है। इसके बावजूद यह हादसा अत्यंत पीड़ादायक और दुखद है।

**सर्च ऑपरेशन के दौरान हुआ दर्दनाक विस्फोट, चार जवानों ने दी शहादत**



### सरकार और संगठन शहीद परिवार के साथ


विधायक विक्रम उसेंडी ने भी इस घटना को अत्यंत दुखद और हृदयविदारक बताया। उन्होंने कहा कि शहीद जवानों ने अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने बताया कि आईईडी जैसे घातक हथियारों को निष्क्रिय करने में जवानों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिससे आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित होती है। उन्होंने शहीदों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि यह समय पूरे समाज को एकजुट होकर उनके साथ खड़े होने का है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार और संगठन हर परिस्थिति में शहीद परिवारों के साथ मजबूती से खड़े रहेंगे।

### यह पूरे प्रदेश की अपूरणीय क्षति

कांकेर विधायक आशाराम नेताम ने इस घटना पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि यह केवल चार परिवारों की नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश की अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि हमारे जवान दिन-रात कठिन परिस्थितियों में देश और प्रदेश की सुरक्षा के लिए समर्पित रहते हैं और ऐसे वीरों का बलिदान हमें सदैव प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने शहीद जवानों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार हर स्तर पर उनके साथ खड़ी है और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। साथ ही उन्होंने सुरक्षा बलों के मनोबल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे बलिदान ही देश को मजबूत बनाते हैं और हमें इन पर गर्व है।

# अधूरे निर्माण से बढ़ी परेशानी, भंडारडिग्गी में नल-जल योजना ठप होने से जल संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत भंडार डिग्गी में भारत सरकार की महत्वाकांक्षी नल-जल योजना लंबे समय से ठप पड़ी हुई है। लगभग एक हजार से अधिक आबादी वाले इस गांव के ग्रामीण पिछले एक वर्ष से शुद्ध पेयजल के लिए परेशान हैं। योजना का कार्य अधूरा छोड़ दिए जाने से ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पानी टंकी निर्माण, बोरखनन तथा पाइपलाइन बिछाने का कार्य ठेकेदार के माध्यम से प्रारंभ कराया गया था। शुरुआत में कुछ काम हुआ, लेकिन पिछले एक वर्ष से पूरा कार्य बंद पड़ा है। इसके चलते ग्रामीणों को नल-जल योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है और आज भी उन्हें पानी के लिए पुराने साधनों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। गर्मी के मौसम में स्थिति और अधिक गंभीर हो गई है। गांव के कई परिवारों को दूर-दराज से पानी लाना पड़ रहा है, जिससे महिलाओं और बच्चों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार द्वारा हर घर तक नल से जल पहुंचाने की योजना बनाई गई है, लेकिन भंडार डिग्गी में यह योजना कागजों तक सीमित होकर रह गई है। ग्रामीण लच्छूराम नरेटी, प्रदीप कुमार मंडावी, शेखर टाडिया, विजय नाग, लोकेश नरेटी, मंगल पुडो, बंसीलाल टाडिया सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में कई बार ग्राम पंचायत एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को अवगत कराया जा चुका है। साथ ही संबंधित ठेकेदार से भी फोन के माध्यम से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन वह फोन रिसीव नहीं करता। इससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

▶▶| शेष पेज 10 पर

# पारिवारिक सुलह की बैठक बना रणक्षेत्र दोनों पक्षों के खिलाफ काउंटर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



पखांजुर थानांतर्गत ग्राम लखनपुर स्थित पंचायत भवन के सामने पारिवारिक विवाद सुलझाने के लिए बुलाई गई एक बैठक उस समय रणक्षेत्र में तब्दील हो गई जब दो पक्ष आपस में भिड़ गए। इस हिंसक झड़प में महिला सहित दोनों पक्षों के कई लोग घायल हुए हैं, जिसके बाद पखांजूर थाना पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों पर मामला दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है। पखांजुर थाना में ग्राम पीव्ही 41 निवासी बसंती विश्वास ने घटना की शिकायत करते हुए बताया कि अपनी भतीजी मनिका परामणिक और उसके पति विक्रम परामणिक के बीच चल रहे अनबन को खत्म कराने के लिए ग्राम पीव्ही 23 लखनपुर पहुँची थीं। मीटिंग के दौरान माहौल गरमा गया और उनके दामाद विक्रम परामणिक तथा देवर विशाल और विलाश परामणिक ने गाली-गलौज करते हुए उन पर हमला कर दिया। इस हमले में विलाश द्वारा हाथ में पहने कड़े से सिर और कलाई पर वार किया गया जिससे वे लहूलुहान हो गईं। वहीं दूसरे पक्ष से विलाश परामणिक ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में अलग कहानी बताई है। विलाश ने पुलिस को बताया कि बैठक के दौरान विपक्षी दल के शंकर मजूमदार, विकास मजूमदार और सूरज मजूमदार ने उनकी माँ के साथ बदसलूकी करते हुए उन्हें लात मारकर गिरा दिया।

▶▶| शेष पेज 10 पर

# महापौर पांडेय ने जनगणना कार्यों का किया निरीक्षण, डोर-टू-डोर पहुंचकर लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



नगर निगम क्षेत्र में महापौर संजय पांडेय ने जनगणना कार्य की प्रगति का जायजा लेने इंदिरा वार्ड पहुंचे। उन्होंने डोर-टू-डोर पहुंचकर सर्वेक्षण कार्य का निरीक्षण कर गणनाकारों और सुपरवाइजरों से विस्तार से चर्चा की। निरीक्षण के दौरान महापौर ने देखा कि किस प्रकार टीम द्वारा घर-घर जाकर परिवारों की जानकारी एकत्रित की जा रही है। उन्होंने सर्वेक्षण प्रक्रिया की गुणवत्ता, सटीकता एवं पारदर्शिता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि किसी भी घर या व्यक्ति की जानकारी छूटने न पाए। महापौर ने मौके पर मौजूद जनगणना कर्मियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यह कार्य केवल आंकड़े जुटाने तक सीमित नहीं है, बल्कि देश की भावी योजनाओं की नींव तैयार करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कर्मियों को जिम्मेदारीपूर्वक और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने की सलाह दी। इस दौरान उन्होंने आम नागरिकों से भी संवाद किया और जनगणना के महत्व को समझाया। महापौर ने कहा कि जनगणना एक राष्ट्रीय दायित्व है, जिसमें हर नागरिक की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे प्रगणकों को सही, पूर्ण और सटीक जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि शासन को वास्तविक आंकड़े प्राप्त हो सकें।

महापौर के साथ एमआईसी सदस्य निर्मल पानीग्राही, सुरेश गुप्ता, लक्ष्मण झा, निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा, शशिनाथ पाठक, आनंद झा मौजूद रहे।

# चारामा में सड़क किनारे शराबखोरी पुलिस ने किया 3 युवकों को गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



सार्वजनिक स्थानों पर नशाखोरी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत चारामा पुलिस ने एक अहम कार्रवाई करते हुए तीन युवकों को रंगे हाथों पकड़ लिया। शुक्रवार, 1 मई की रात ग्राम कण्डेल में उस समय हड़कंप मच गया, जब पुलिस ने सड़क किनारे खुलेआम शराब पी रहे युवकों पर घेराबंदी कर दबिश दी। जानकारी के अनुसार थाना चारामा पुलिस को मुखबिर से सटीक सूचना प्राप्त हुई थी कि आंवरी जाने वाले मार्ग पर कुछ लोग सड़क किनारे बैठकर शराब का सेवन कर रहे हैं। इससे राहगीरों को असुविधा हो रही थी और क्षेत्र में कानून व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई की। पुलिस ने घेराबंदी कर मौके से योगेन्द्र जैन, हरीश कोसरिया और दुर्गेश कोसरिया को पकड़ लिया, जो चारामा क्षेत्र के ही निवासी बताए जा रहे हैं। पूछताछ और मौके पर स्थिति की जांच के दौरान यह पुष्टि हुई कि तीनों युवक सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन कर रहे थे। स्थानीय लोगों का कहना है कि सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन से माहौल खराब होता है और आमजन को परेशानी होती है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस तरह के अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे, ताकि सार्वजनिक स्थानों पर शांति और व्यवस्था बनी रहे।

▶▶| शेष पेज 10 पर

## डीएफओ ने मामले की जांच के लिए समिति का किया गठन

# वायरल सबूतों के बाद वन विभाग सख्त, ऑपरेटर को दिया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

वनमंडल पूर्व भानुप्रतापपुर के दुर्गूकोंदल परिक्षेत्र में खाकी की आड़ में जंगल का सौदा मामला अब तूल पकड़ चुका है। वायरल ऑडियो-वीडियो और खबर के खुलासे के बाद वन विभाग एक्शन मोड में आ गया है। फर्जी दस्तावेजों के जरिए अवैध लकड़ी परिवहन के गंभीर आरोपों ने पूरे सिस्टम पर सवाल खड़े कर दिए हैं। वन विभाग ने मामले में संलिप्त अमले को नोटिस जारी कर दिया, वहीं जाँच के लिए टीम का भी गठन किया गया है। जानकारी के अनुसार दुर्गुकोंदल क्षेत्र में कथित लकड़ी तस्करी और फर्जी दस्तावेज बनाने के मामले में प्रकाशित खबर का बड़ा असर देखने को मिल रहा है। जैसे ही सोशल मीडिया पर ऑडियो-वीडियो वायरल हुए और मामला सुर्खियों में आया, वन विभाग हरकत में आ गया। विभाग ने संबंधित कंप्यूटर ऑपरेटर को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए तीन दिनों के भीतर जवाब मांगा है। वायरल ऑडियो-वीडियो में कथित तौर पर दुर्गुकोंदल रेंज कार्यालय में पदस्थ कंप्यूटर ऑपरेटर अजय कृदंत राव को अवैध लकड़ी परिवहन के लिए फर्जी दस्तावेज तैयार करने की डील करते हुए सुना गया है। आरोप है कि मलगुजा लकड़ी के नाम पर अवैध कटाई को वैध दिखाने के लिए प्रति वाहन करीब 25 हजार रुपये की रकम तय की गई थी।

▶▶| शेष पेज 10 पर

खबर का असर



भानुप्रतापपुर में लकड़ी तस्कर सिंडिकेट फूटा, कर्मचारियों की मिलीभगत से सौदा

### टीम का किया गया गठन

मामले की गंभीरता को देखते हुए उप मंडलाधिकारी (राजस्व) भानुप्रतापपुर सहित दो परिक्षेत्र अधिकारियों की एक उच्च स्तरीय जांच टीम गठित की गई है। टीम को सात दिनों के भीतर विस्तृत रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, सूत्रों के अनुसार निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए संबंधित कंप्यूटर ऑपरेटर के तबादले की भी तैयारी चल रही है।

### जनता की नजरें आगे की कार्रवाई पर

मामले के भंडाफोड़ होने के उपरांत अब पूरे क्षेत्र की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि क्या इस मामले में केवल एक कर्मचारी पर कार्रवाई होगी या फिर पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश कर बड़ी कार्रवाई की जाएगी। जनता को उम्मीद है कि इस बार जांच निष्पक्ष होगी और दोषियों को सजा मिलेगी।

### वन मंडलाधिकारी का सख्त रुख

वनमंडलाधिकारी ऋषभ जैन ने कहा कि मामला मेरे संज्ञान में है। मामले की जांच के लिए टीम गठित कर दी गई है, उसे 7 दिन में रिपोर्ट करने के लिए आदेशित किया गया। इसके अलावा कंप्यूटर आपरेटर को नोटिस भी जारी किया जा चुका है। जाँच के बाद रिपोर्ट मिलने पर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। भ्रष्टाचार के मामलों में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी।



# सुकमा की बेटी रोशनी गुप्ता बनीं संघर्ष, साहस और आत्मविश्वास की मिसाल

लीलाधर राठी ⏭ सुकमा

मैंने कभी खुद को कमजोर नहीं माना, मेरे लिए शिक्षा एक जुनून है और मैं चाहती हूं कि एक दिन बस्तर में शिक्षक बन कर सेवा दूं। रोशनी की कहानी उन सभी के लिए प्रेरणा है जो किसी कमी के कारण खुद को पीछे समझते हैं। उन्होंने साबित कर दिया है कि हौसले के सामने कोई अंधेरा टिक नहीं सकता। सुदूर वनांचल क्षेत्र सुकमा से एक ऐसी प्रेरणादायक कहानी सामने आई है, जो यह साबित करती है कि यदि इंसान के भीतर जुनून, साहस और कुछ कर गुजरने की दृढ़ इच्छाशक्ति हो, तो कोई भी शारीरिक बाधा उसके सपनों की उड़ान को रोक नहीं सकती। यह कहानी है सुकमा की 22 वर्षीय युवती रोशनी गुप्ता की, जिसने जन्म से दृष्टिबाधित होने के बावजूद अपने संघर्ष, परिश्रम और आत्मबल से सफलता की नई इबारत लिखी है।

## अंधकार की चुनौतियों के बावजूद जीवन में भर दी रोशनी

**तकनीक बनी आत्मनिर्भरता का माध्यम:** रोशनी बताती हैं कि महानगरों में दृष्टिबाधित व्यक्तियों के लिए उपलब्ध संसाधनों और तकनीकी सुविधाओं ने उनके जीवन को अधिक सहज बनाया है। आज वे बिना किसी सहारे के घर से स्कूल, ऑफिस, रेलवे स्टेशन और एटीएम तक का सफर कर लेती हैं। मोबाइल और कंप्यूटर संचालन से लेकर बैंकिंग कार्यों तक वे हर जिम्मेदारी स्वयं निभा रही हैं। उनकी यह उपलब्धि केवल व्यक्तिगत सफलता नहीं, बल्कि समाज के लिए यह संदेश है कि दिव्यांगता किसी व्यक्ति की क्षमता को सीमित नहीं करती, बल्कि सही अवसर, संसाधन और आत्मविश्वास उसे नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकते हैं।




**उच्च शिक्षा के लिए दिल्ली का सफर :** सुकमा और छत्तीसगढ़ में सीमित संसाधनों के कारण उच्च शिक्षा में आने वाली बाधाओं को समझते हुए रोशनी ने अपने माता-पिता के सहयोग से दिल्ली का रुख किया। दिल्ली में बेहतर सुविधाएं, तकनीकी संसाधन और दृष्टिबाधित छात्रों के लिए विकसित व्यवस्थाओं ने उनके आत्मविश्वास को और मजबूत किया। वर्तमान में रोशनी डीएड की पढ़ाई कर रही हैं और अपने उज्ज्वल भविष्य की दिशा में निरंतर अग्रसर हैं।

### जीवन की शुरूआत ही संघर्ष से

रोशनी गुप्ता सुकमा निवासी उपेंद्र गुप्ता की पुत्री हैं, जो पेशे से एक फेरी व्यवसायी हैं। सीमित संसाधनों वाले परिवार में जन्मी रोशनी बचपन से ही अंधत्व की शिकार रहीं। जीवन की शुरूआत से ही उनके सामने चुनौतियों का अंधकार था, लेकिन उन्होंने कभी इसे अपनी कमजोरी नहीं बनने दिया। प्रारंभिक शिक्षा के दौरान रोशनी ने पहली से पांचवीं कक्षा तक सामान्य विद्यालयों में अध्ययन किया। इस दौरान उन्हें लगातार यह चिंता सताती रही कि दृष्टिबाधित होने के कारण वे आगे की पढ़ाई कैसे जारी रख पाएंगी। भविष्य को लेकर अनेक आशंकाओं के बीच सुकमा में दिव्यांग बच्चों के लिए कार्यरत आकार संस्था उनके जीवन में उम्मीद की किरण बनकर सामने आई।

### पढ़ने की ललक से सपने हो रहा साकार

नाम भले ही रोशनी था, लेकिन उन्होंने कभी अपनी आंखों से दुनिया की रोशनी नहीं देखी। इसके बावजूद उनके भीतर दुनिया को समझने, महसूस करने और अपने सपनों को साकार करने की अदम्य इच्छा हमेशा जीवित रही। आठवीं तक आकार संस्था में शिक्षा प्राप्त करने के बाद रोशनी ने अपनी पढ़ाई जारी रखी और बस्तर हायर सेकेंडरी स्कूल से ओपन स्कूलिंग के माध्यम से दसवीं कक्षा उत्तीर्ण की।

### प्रेरणा बनीं सुकमा की रोशनी

रोशनी गुप्ता की कहानी संघर्ष, आत्मबल और संकल्प की प्रेरक मिसाल है। उन्होंने यह सिद्ध कर दिया है कि यदि मन में साहस और लक्ष्य के प्रति समर्पण हो, तो जीवन का कोई भी अंधकार सफलता की राह में बाधा नहीं बन सकता। आज रोशनी गुप्ता न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे सुकमा जिले और समाज के लिए गर्व का विषय हैं। उनका जीवन हर उस व्यक्ति के लिए प्रेरणा है, जो कठिन परिस्थितियों के बावजूद अपने सपनों को साकार करना चाहता है।

### बोझ है लड़की जात है

रोशनी ने बताया कि बचपन से ही समाज से ताने सुनने पड़ते थे। खासकर लड़की होने से अक्सर सामाजिक उलाहना आम बात हो गई थी। कई दफे तो लोग यह भी कहते थे कि बोझ है लड़की जात है, क्यो पैदा हुई मर क्यों नही गई। पर इन सबके बावजुद हिम्मत नही हारी और अपने मुकाम की ओर निकल पड़ी।

### सिंगर बनना था पर पैसे नही थे

रोशनी वैसे तो दृष्टिबाधित जन्म है लेकिन कई भाषाओं मे वो गीत व भजन गा कर मन मोह लेती है। उसने बताया कि वो सिंगर बनना चाहती थी लेकिन पापा की आर्थिक स्थिति अच्छी नही होने के कारण उक्त प्लेटफार्म को हासिल नही कर पाई। रोशनी मे वैसे तो कई कलात्मक गुण है उनमें से जानवरों व पक्षियों की हुबहु आवाज चौंका देती है।

## खबर संक्षेप



### बस्तर मुन्ने व सुशासन तिहार शुरू, 100 गांवों लगे शिविर

**कांकेर।** बस्तर मुन्ने, सुशासन तिहार और नियद नेल्लानार 2.0 के तहत जिले में आज 100 गांवों में शिविर लगाकर शासन द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

अभियान के तहत अंतागढ़ विकासखण्ड के 38 गांव, कांकेर विकाखण्ड के 09, चारामा के 11, दुर्गूकोंदल के 21, नरहरपुर के 11 और भानुप्रतापपुर के 10 गांवों में शिविर लगाया गया। इन शिविरों में विभिन्न योजनाओं से संबंधित हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। कांकेर विकासखण्ड के ग्राम कोदागांव एवं मांदरी के आश्रित गांव साल्हेभाट में आयोजित शिविर का आकस्मिक निरीक्षण के दौरान साल्हेभाट में 05 राशन कार्ड एवं 02 आयुष्मान कार्ड संबंधित आवेदनों का निराकरण किया गया। इसी प्रकार कोदागांव में आयोजित शिविर में राशन कार्ड 06, व्यक्तिगत शौचालय के 06 एवं राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना से संबंधित 01 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसमें हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

### बेकाबू बस की ठोकर से स्कूटी सवार मां समेत दो बेटी घायल



**जगदलपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के आनंद ढाबा के करीब देर रात हुए सड़क हादसे में तीन महिला घायल हो गई। घायल महिलाओं में मां व दो बेटी शामिल थे इनमें मां की हालत गभींर है जिन्हे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए रायपुर रेफर किया गया है। जानकारी के मुताबिक बीती रात लगभग 12 बजे नगरनार की ओर से तेज रफ्तार से आ रही आ रही बस क्रमांक सीजी 03-7467 के चालक ने तेज रफ्तार व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए माड़िया चौक के करीब सामने से आ रही स्कूटी क्रमांक सीजी 17 केएस 8135 को टक्कर मार दी। हादसा इतना जबरदस्त था कि स्कूटी बस के नीचे आ गई और उसमें सवार तीन महिला गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस व ट्रेफिक पुलिस के जवानों द्वारा तत्काल घायल मां व दो बेटी को उपचार के लिए महारानी अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डिमरापाल मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। घायल महिलाओं में दोनों बेटी वर्षा नेताम व हिमानी नेताम का उपचार मेकाज में जारी है वहीं घायल मां शकुंतला नेताम निवासी बाजारपारा नगरनार के सिर में गंभीर चोट आई थी जिन्हे बेहतर उपचार के लिए रायपुर रेफर किया गया है। कोतवाली टीआई लीलाधर राठौर ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर घायलों को उपचार के लिए रवाना किया गया और सिर में लगी गंभीर चोट की वजह से वृद्ध महिला को बेहतर उपचार के लिए रायपुर रेफर किया गया है। बताया जा रहा है कि बस पुलिस विभाग की थी। घटना के बाद मौके पर वाहनों की लबीं कतार लग गई थी जिसे पुलिसकर्मियों द्वारा दोनों वाहनों को हटाकर आवागमन दुरूस्त किया गया। टीआई ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## अप्रैल माह में ऑपरेशन मुस्कान और ऑपरेशन तलाश का असर

# पुलिस ने 39 गुमशुदा की तलाश की व मिलाया परिवार से तो लौटाई खुशियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जिले में अप्रैल माह के दौरान चलाए गए विशेष अभियान ऑपरेशन मुस्कान और ऑपरेशन तलाश के तहत कोंडागांव पुलिस ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। पूरे महीने चले इस अभियान में कुल 39 गुमशुदा व्यक्तियों 12 बच्चे और 27 वयस्क—को विभिन्न राज्यों से सुरक्षित खोजकर उनके परिवारों तक पहुंचाया गया। ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस ने 12 गुमशुदा बालक–बालिकाओं को मुंबई, तमिलनाडु सहित अन्य राज्यों से सकुशल खोज निकाला। इन बच्चों के माता–पिता लंबे समय से चिंता और पीड़ा में थे। पुलिस टीमों ने सोशल मीडिया, सीसीटीवी फुटेज और अन्य राज्यों की पुलिस के साथ समन्वय कर लगातार प्रयास किए, जिसके परिणामस्वरूप सभी बच्चों को सुरक्षित उनके परिवारों को सौंपा गया। इसी प्रकार



ऑपरेशन तलाश के अंतर्गत 27 गुमशुदा पुरुष एवं महिलाओं को विभिन्न राज्यों से ट्रेस कर उनके परिजनों तक पहुंचाया गया। ये लोग रोजगार, पारिवारिक कारणों या अन्य परिस्थितियों के चलते घर से दूर चले गए थे। पुलिस के निरंतर प्रयास और समन्वय से सभी को सुरक्षित वापस लाया गया। इस अभियान में आधुनिक तकनीक, सूचना तंत्र, सोशल मीडिया और अंतरराज्यीय पुलिस समन्वय का प्रभावी उपयोग किया गया। जिले के सभी थाना प्रभारियों, विशेष सेल और अन्य राज्यों की पुलिस इकाइयों ने मिलकर इस अभियान को सफल बनाया।

### पुलिस अधीक्षक ने दी प्रतिक्रिया

पुलिस अधीक्षक आकाश श्रीश्रीमाल ने कहा, गुमशुदगी किसी भी परिवार के लिए सबसे बड़ा दर्द होती है। 39 परिवारों की खुशियां लौटाना हमारे लिए गर्व की बात है। कोंडागांव पुलिस का संकल्प है कि जिले का कोई भी व्यक्ति लापता न रहे।

### अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने टीम की सराहना की

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कपिल चन्द्रा ने कहा कि हर सफल रिकवरी एक परिवार की मुस्कान है और पुलिस टीम का यह प्रयास आगे भी जारी रहेगा। कोंडागांव पुलिस की यह उपलब्धि न केवल उनकी कार्यकुशलता को दर्शाती है, बल्कि समाज में विश्वास और सुरक्षा की भावना को भी मजबूत करती है।

# 5.47 लाख का गांजा बरामद और दो अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- ओडिशा से गांजा लाकर बार्डर में वाहन का इंतजार कर रहे थे तभी पुलिस ने पकड़ा

ओडिशा बार्डर में तलाशी के दौरान नगरनार पुलिस ने दो अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 5.47 लाख रूपए का मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया है। मामले में दोनों आरोपियों को जेल भेजा गया।

गांजा तस्करी की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा, एएसपी महेश्वर नाग के निर्देश व सीएसपी सुमीत कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम गठित किया गया था। टीम को सूचना मिली थी की दो व्यक्ति विमल पान मसाला वाले पीले रंग के थैला में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखकर ओडिशा से धनपुंजी के रास्ते जगदलपुर की ओर आ रहे है। टीम द्वारा ग्राम धनपुंजी फारेस्ट नाका एनएच 63 में आने जाने वाले वाहनो एवं व्यक्तियों को चेक किया जा रहा था। इसी दौरान दों संदिग्ध दिखे जो विमल पान मसाला का थैला लेकर ओडिशा सीमा से टैक्सी से उतरकर धनपुंजी फारेस्ट नाका के पास पहुंचे जिन्हे घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम अखिल मोहम्मद शेख निवासी मालवीय वार्ड बरोरा थाना बरोरा जिला चंद्रपुर महाराष्ट्र व संतोष



शंकर राव बावणकर निवासी चिमुर गोंड मोहल्ला थाना चिमुर जिला चंद्रपुर महाराष्ट्र का रहने वाला बताया। दोनों के कब्जे से 10.952 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया जिसकी अनुमानित कीमत 5 लाख 47 हजार 6 सौ रूपए आंका गया है। इसके अलावा अरोपियों के कब्जे से मोबाईल नगदी रकम 2170 रूपए बरामद कर जब्त किया गया। आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया।

### इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेजने में निरीक्षक संतोष सिंह के अलावा एसआई सतीश यदुराज, एएसआई दिनेश ठाकुर, प्रधान आरक्षक कृष्णा भारती, अजय साहु आरक्षक दशरू नाग, बलराम कश्यप, यशवंत ध्रुव कार्तिक नाग व सैनिक जगन्नाथ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# ज्वेलरी शाप में चोरी की घटना को अंजाम देने वाली महिला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- चोरी की गई 30 नग सोने के नोज पिन आरोपी से बरामद

कोतवाली थाना क्षेत्र के सजंय बाजार स्थित ज्वेलरी दुकान में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाली महिला आरोपी को पुलिस गिरफ्तार करने में सफल रही। आरोपिया के कब्जे से चोरी किया गया सामान भी बरामद कर लिया गया है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी शलभ कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन व एएसपी माहेश्वर नाग व सीएसपी सुमीत कुमार के निर्देश में टीआई कोतवाली लीलाधर राठौर के नेतृत्व में विशेष टीम गठित किया गया था। टीआई ने बताया कि 27 अप्रेल को संजय मार्केट में स्थित ज्वेलरी दुकान में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था। आरोपी की पतासाजी करने के लिए शहर के विभिन्न स्थानों में लगे सीसीटीव्ही फूटेज का अवलोकन किया गया जो सीसीटीव्ही फूटेज के आधार पर महिला आरोपी की शिनाख्त की गई। आरोपी की शिनाख्त सुनीता उर्फ पुजा कश्यप पति राजेन्द्र बघेल 33 साल निवासी हाउसिंग बोर्ड कालोनी दुर्गा माता मंदिर शांतिनगर



सोनाली का घर जगदलपुर के रूप में हुई। महिला बल के साथ उसे हिरासत में लिया गया पूछताछ करने पर महिला आरोपी द्वारा घटना कबूल करते हुए चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी ने चोरी किए हुए सामान को अपने घर में पलंग के गदा के नीचे छुपा कर रखा होना बताया जिसके बाद उसके घर से 30 नग सोने के नोज पिन बरामद किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। त्वरित कार्रवाई में निरीक्षक लीलाधर राठौर के अलावा एसआई अरूण मरकाम, प्रधान आरक्षक उमा भगत , मोहन कश्यप, आरक्षक सोनू गौतम, कृष्णा नेताम, महेंद्र पटेल, शैलेश राज, महंगू कश्यप, अमर बेसरा, हेमचंद मौर्य, रीना अनंत, ललिता तारम, संगीता ठाकुर व पुनीता मंडावी की विशेष भूमिका रही।

# नकली व डुप्लीकेट उत्पादों से सतर्क रहने की सलाह एक्सपायरी कॉस्मेटिक उत्पादों को किया गया नष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर

- औषधि प्रकोष्ठ ने भोपालपटनम के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के दुकानों का किया निरीक्षण

सही दवा शुद्ध आहार यही छत्तीसगढ़ का आधार अभियान के अंतर्गत औषधि प्रकोष्ठ ने विकासखंड भोपालपटनम सहित शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सघन निरीक्षण अभियान चलाया। इस दौरान मेडिकल दुकानों के साथ कॉस्मेटिक एवं फैंसी दुकानों के विक्रय परिसरों की गहन जांच की गई। निरीक्षण के दौरान एक्सपायरी कॉस्मेटिक उत्पादों को तत्काल नष्ट कराया गया तथा दुकानदारों को सख्त हिदायत दी गई। मेडिकल दुकानों में औषधियों के भंडारण, अभिलेख संधारण एवं क्रय-विक्रय प्रक्रिया की बारीकी से जांच की गई। बिलों का सत्यापन, दवाओं की लेबलिंग निर्माण तिथि, समाप्ति तिथि, बैच नंबर एवं भंडारण व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। बताया गया कि अधिकांश प्रतिष्ठानों में व्यवस्था संतोषजनक पाई गई, जबकि कुछ स्थानों पर आवश्यक सुधार हेतु निर्देश दिए गए। विक्रेताओं को केवल लाइसेंसधारी स्त्रोतों से ही प्रसाधन सामग्री क्रय करने तथा नकली एवं डुप्लिकेट उत्पादों से सतर्क रहने की सलाह दी गई। इसी क्रम में शासकीय अस्पतालों में वैक्सीन के उचित कोल्ड चेन की जांच जिला वैक्सीन सेंटर, टीकाकरण केंद्र बीजापुर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भोपालपटनम में भी की गई। जन जागरूकता



### 24 चालान काटकर वसूले गए 4800

नशा मुक्ति अभियान के तहत जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 5 थोक एवं 5 रिटेल मेडिकल दुकानों का निरीक्षण किया गया। जांच में नारकोटिक एवं जीएलपी-1 श्रेणी की औषधियां नहीं पाई गईं, लेकिन इनके नियमों के संबंध में दुकानदारों को जागरूक किया गया। कोटपा अभियान के अंतर्गत सार्वजनिक स्थानों एवं स्कूलों के आसपास खुलेआम सिगरेट एवं तंबाकू बेचने एवं सेवन करने वालों पर कार्रवाई करते हुए कुल 24 चालान बनाए गए, जिससे 4800 रुपये की वसूली की गई।

### ये रहे शामिल

इस अभियान मे कोटपा नोडल अधिकारी डॉ. मनोज लंबाड़ी बीएमओ डॉ. के. चेलापति राव एवं जिला अस्पताल से डॉ. राहुल राठौर, थाना प्रभारी जीवन लाल जांगड़े सहित औषधि निरीक्षक तथा अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की सक्रिय भागीदारी रही।

अभियान के तहत जिला अस्पताल में डॉ. राहुल राठौर की उपस्थिति में एंटीबायोटिक के दुरुपयोग एवं एडवर्स ड्रग रिएक्शन की रिपोर्टिंग प्रक्रिया की जानकारी दी गई तथा कमियों को दूर करने के निर्देश दिए गए।

# शिवानंद आश्रम में 35 जोड़ों का हो रहा सामूहिक विवाह



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

- विवाह में तीन बच्चों की मां व पिता भी शामिल

दिव्य जीवन संघ शाखा शिवानंद आश्रम घाटपदमुर में 35 जोड़ों का सामुहिक कन्या विवाह किया जा रहा है। शनिवार को जोड़ों का माटी देव पूजन एवं मंडपाच्छादन किया गया और रविवार को पाणिग्रहण, लग्न, हवन किया जाएगा। शिवानंद आश्रम के स्वामी शिवदासानंद सरस्वती ने बताया कि इसमें छापरभानपुरी से 11, पल्लीगांव से 3, बिंता से 3 जोड़ों सहित किलेपाल, बास्तानार, भैरमगढ़, बीजापुर, कोंडागांव, जैतगिरी के गरीब और जरूरतमंद जोड़े पहुंचे हैं। आर्थिक रूप से कमजोर और असहाय परिवारों की बेटियों का विवाह पूरे विधि-विधान के साथ संपन्न किया जा रहा है। विवाह कार्यक्रम में स्वामी सहित संतोष जैन, केआर रात्रे, विकास सहारे, ओमप्रकाश कुडयामी, ईश्वर दानी गिरवर रावटे शामिल है। विवाह में तीन बच्चों की मां-पिता शामिल पहुंचे, जिनका विवाह किया जा रहा है।

### दुल्हन 8 माह की बच्ची के साथ

दुल्हन एवं दुल्हा ने बताया कि दोनों अंतरजातीय होने के चलते लगभग 8 वर्ष पूर्व घर के परिवारों विवाह नहीं दिया। दुल्हा के परिवार राजी थे, दुल्हन के परिवार ने मना कर दिया, इससे दुल्हा के घर में ही बिना विवाह के ही साथ में रह रहे थे, जिसमें 8 वर्ष 8 साल का पुत्र, 4 साल एवं 8 माह की पुत्री है। दुल्हन 8 माह की बच्ची के साथ विवाह में शामिल है।

# स्वास्थ्य शिविर से 260 से अधिक लोग लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ⏭ केशकाल

नगर के जनपद प्राथमिक शाला परिसर में शनिवार को मुस्लिम समाज की विंग जमात रज़ा-ए-मुस्तफा द्वारा आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर में लगभग 260 से अधिक लोगों ने पहुंचकर विभिन्न विभागों से आए विशेषज्ञ डॉक्टरों से स्वास्थ्य परामर्श लिया तथा निःशुल्क दवाइयों का लाभ उठाया। इस स्वास्थ्य शिविर में रायपुर स्थित आईएलएस हॉस्पिटल से आए अनुभवी विशेषज्ञ डॉक्टरों ने मरीजों की जांच कर उचित परामर्श दिया। शिविर में हृदय रोग, स्त्री रोग, अस्थि रोग, तंत्रिका विज्ञान, पल्मोनोलॉजी, जनरल मेडिसिन एवं जीआई सर्जरी सहित विभिन्न विभागों के विशेषज्ञों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं।




आपको बता दें कि इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में डॉ. प्रतीक पाण्डे, डॉ. मनीषा शर्मा, डॉ. राहुल शाह, डॉ. अमित जैन, डॉ. प्रियंका खत्री एवं डॉ. धीरज प्रेमचंदानी ने मरीजों की जांच कर उन्हें स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सलाह दी। वहीं केशकाल बीएमओ डॉ. डीके बिसेन एवं स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम ने भी शिविर को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। उनके द्वारा मरीजों को निःशुल्क दवाइयों का वितरण भी किया गया। अंजुमन इस्लामिया कमेटी के अध्यक्ष सलीम मेमन ने बताया कि शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे लोगों के लिए ऐसे शिविर को काफी लाभकारी साबित होते हैं। अक्सर गंभीर बीमारियों के उपचार एवं विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श के लिए रायपुर, जगदलपुर या अन्य बड़े शहरों का रुख करना पड़ता है, जिससे आर्थिक और समय दोनों की परेशानी होती है। ऐसे में स्थानीय स्तर पर इस प्रकार का स्वास्थ्य शिविर आयोजित होना आम लोगों एवं खास तौर पर आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए वरदान के बराबर होता है।

## पेज 9 के शेष

### सुशासन तिहार की घोषणाएं...

इन घोषणाओं के तहत अब लगभग 40 लाख रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्य पूरे कर लिए गए हैं, जिससे गांव की मूलभूत सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। इन कार्यों में हाई स्कूल मांदरी में 20 लाख रुपये की लागत से अहाता (बाउंड्री वॉल) निर्माण प्रमुख है। इसके साथ ही साल्हेभाट मुख्य मार्ग से तीरऊ सलाम घर तक 600 मीटर लंबी सीसी रोड का निर्माण 5 लाख रुपये की लागत से किया गया है, जिससे आवागमन पहले की तुलना में काफी सुगम हो गया है। वहीं, आंगनबाड़ी भवन के उन्नयन कार्य को भी 5 लाख रुपये की लागत से पूरा कर लिया गया है, जिससे छोटे बच्चों के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सकी है।

### अधूरे निर्माण से बढ़ी...

एक ओर शासन ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने का दावा कर रहा है, वहीं दूसरी ओर गांवों में अधूरे कार्यों के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यदि समय रहते योजना पूरी कर दी जाती, तो आज गांव के लोगों को राहत मिल सकती थी। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि भंडारडिग्गी में बंद पड़ी नल-जल योजना को शीघ्र प्रारंभ कराया जाए, अधूरे निर्माण कार्य को पूरा किया जाए तथा दोषी ठेकेदार पर कार्रवाई की जाए, ताकि ग्रामीणों को जल्द से जल्द स्वच्छ पेयजल की सुविधा मिल सके।

### पारिवारिक सुलह...

जब वे बीच-बचाव करने पहुँचे तो विकास मजूमदार ने कड़े से उन पर और उनके भाइयों पर हमला कर दिया जिससे विलाश, विशाल और विक्रम को सिर, नाक और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। इस पूरे मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 115(2), 351(2) और 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

### चारामा में सड़क किनारे...

कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से तीन खाली देशी शराब के पौवे, डिस्पोजल गिलास और पानी के पाउच भी जब्त किए। इसके बाद आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 36 (च) के तहत मामला दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई की गई।

### वायरल सबूतों के बाद...

इस खुलासे ने विभागीय कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस पूरे मामले को सबसे पहले सामने लाने वाले हरिभूमि के संवाददाता अभिषेक पाण्डेय की सक्रियता के चलते मामला उच्च अधिकारियों तक पहुंचा। लगातार खबरें प्रकाशित होने और प्रमाण सामने आने के बाद विभाग ने तत्काल संज्ञान लेते हुए जांच प्रक्रिया शुरू कर दी। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस पूरे नेटवर्क के तहत पहले किसानों के नाम पर लकड़ी का फर्जी स्वामित्व तैयार किया जाता है, फिर जंगलों से अवैध कटाई कर उसे वैध परिवहन का रूप दे दिया जाता है। उनका कहना है कि विभागीय मिलीभगत के बिना इस तरह का संगठित तंत्र चल पाना संभव नहीं है।

## खबर संक्षेप

### हाई रिस्क ग्रामों में 214 लोगों की एक्स-रे जांच



**बीजापुर।** टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जिला बीजापुर में महत्वपूर्ण पहल करते हुए विकासखंड भोपालपटनम के हाई रिस्क ग्रामों में आयुष्मान आरोग्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस अभियान के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर गोरला आश्रित ग्राम दंपाया तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिर चेरपल्ली में व्यापक स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर में कुल 214 ग्रामीणों का हैंड हेल्ड मशीन के माध्यम से एक्स-रे परीक्षण किया गया। जिससे टीबी जैसी गंभीर बीमारी की समय रहते पहचान सुनिश्चित की जा सके। इस पहल का मुख्य उद्देश्य हाई रिस्क क्षेत्रों में सक्रिय रूप से मरीजों की खोज कर उन्हें शीघ्र उपचार उपलब्ध कराना है।

### गर्भवती माताओं को मिलेगी विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवा

**बीजापुर।** जिले के दुर्गम एवं दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाली गर्भवती माताओं को समय पर विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। कलेक्टर के मार्गदर्शन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के प्रयासों से विकासखंड स्तर पर स्त्रीरोग विशेषज्ञ चिकित्सकों की ड्यूटी तालिका जारी की गई है। जारी आदेश के अनुसार ताकि गर्भवती महिलाओं को प्रारंभिक जांच, निदान एवं उपचार की सुविधा उनके नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों पर ही मिल सके। डॉ. शिल्पा नायक -सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, आवापल्ली में माह के प्रथम गुरुवार, डॉ. आदित्य साहू -सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, भैरमगढ़ में माह के प्रथम शुक्रवार, डॉ. आदित्य साहू -सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, भोपालपटनम में माह के तृतीय सोमवार, डॉ. शिल्पा नायक -सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गंगालूर में माह के तृतीय मंगलवार को । यह पहल बीजापुर जिले के दूर-दराज और दुर्गम क्षेत्रों में मातृ स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से की गई है।

# तीन दिन, दो रातों तक रहकर विभागीय टीम ने बहाल की पेयजल व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दंतेवाड़ा

भीषण गर्मी के मौसम में जब जल की उपलब्धता ग्रामीण जीवन की सबसे बड़ी आवश्यकता बन जाती है, ऐसे समय में जिला दंतेवाड़ा के सुदूर अंचल में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समर्पित टीम ने सेवा, संवेदनशीलता और कर्तव्यनिष्ठा का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया।

मालूम हो कि जिला दंतेवाड़ा का अंतिम छोर, सुकमा सीमा के निकट स्थित ग्राम पंचायत जंगमपाल, लंबे समय से पेयजल संबंधी चुनौतियों का सामना कर रहा था। यहां गर्मी बढ़ने के साथ समस्या और गंभीर हो गई थी। ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए कलेक्टर के निर्देशानुसार लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की हैंडपंप टेक्नीशियन टीम तत्काल जंगमपाल और आसपास के सुदूर गांवों के लिए रवाना हुई। विकासखंड कटेकल्याण के दुर्गम वनांचल क्षेत्र में बसे इन ग्रामों में पूरे मशीनरी, उपकरण, साजो-सामान के साथ पहुंचना आसान कार्य नहीं है। फिर भी कठिन मार्ग और सीमित संसाधनों के बावजूद टीम ने हार नहीं मानी। टीम ने लगातार तीन दिन और दो रातें गांवों में रहकर पेयजल व्यवस्था को सुचारु बनाने का कार्य किया।

इस दौरान उन्हें घर-परिवार से दूर रहकर जंगलों और ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि विश्राम करना पड़ा, लेकिन उनका उद्देश्य स्पष्ट था, हर घर तक स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल पहुंचाना। इस विशेष अभियान के



दौरान टीम को लीड हैंडपंप टेक्नीशियन उमा शंकर नेताम द्वारा किया गया। टीम ने जंगमपाल सहित आसपास के लगभग पांच से छह गांवों जंगमपाल, प्रतापगिरी, छोटेलखापाल, छोटेतोंगपाल जैसे अंदरूनी ग्रामों का भ्रमण किया। जहां सामान से भरे पिकअप को नदी पार किया गया तो कभी भरी सामान कंधों पर रखकर पगडंडियों पर चलकर जाना पड़ा। प्रत्येक गांव में खराब पड़े हैंडपंपों की मरम्मत की गई, आवश्यक तकनीकी सुधार किए गए, जल स्त्रोतों की सफाई की गई तथा जल स्त्रोतों का क्लोरीनेशन कर जल गुणवत्ता सुनिश्चित की गई। इस अथक मेहनत से हैंडपंपों का पुनर्संचालन हुआ। और ग्रामीणों को पुनः स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होने लगा। इस संबंध में स्थानीय ग्रामीणों ने टीम के समर्पण और अथक प्रयासों की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

स्थानीय लोगों ने बताया कि भीषण गर्मी में पेयजल संकट से राहत मिलना उनके लिए किसी वरदान से कम नहीं है। विभाग की इस त्वरित और प्रभावी पहल से न केवल पेयजल व्यवस्था बहाल हुई, बल्कि ग्रामीणों में शासन और प्रशासन के प्रति विश्वास भी और मजबूत हुआ। यह पहल दर्शाती है कि जब सेवा का संकल्प मजबूत हो, तो कोई भी दूरी, कठिनाई या चुनौती कार्य के मार्ग में बाधा नहीं बन सकती। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की यह प्रतिबद्धता जल जीवन मिशन के मूल उद्देश्यकृष्हर घर जलष्कृको साकार करने की दिशा में एक प्रेरणादायक उदाहरण है। जंगमपाल और आसपास के सुदूर गांवों में बहाल हुई यह पेयजल व्यवस्था केवल तकनीकी उपलब्धि नहीं, बल्कि जनसेवा, समर्पण और मानवीय संवेदना की एक उत्कृष्ट मिसाल है। इस हैंडपंप संधारण टीम में टेक्नीशियन उमा शंकर नेताम, हेल्पर, राजेश नाग, राजू ठाकुर, गोविंद ठाकुर, विजेंद्र कश्यप, गौतम ठाकुर, अनिल ठाकुर, वीरेंद्र सेठिया शामिल थे।

## केशापुर शिविर में 269 से अधिक समस्याओं का हुआ समाधान

# सुशासन तिहार से गांव गांव पहुंच रही सरकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दंतेवाड़ा

शासन की मंशानुसार जनकल्याणकारी योजनाओं को सीधे आम जनता तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित सुशासन तिहार दंतेवाड़ा के ग्रामीणों के लिए खुशियों और नई उम्मीदों का माध्यम बना। दंतेवाड़ा विकासखंड के ग्राम पंचायत केशापुर में आयोजित जन समस्या निवारण शिविर में शासन और प्रशासन ने स्वयं पहुँचकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और उनका त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक चैतराम अटामी, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी और जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जयंत नाहटा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए अतिथियों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का सूक्ष्म अवलोकन किया और शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। शिविर में केशापुर सहित भोगाम, चितालंका, कुपेर, मंगनार, तुड़पारास, डेगलरास, कंवलनार,




पण्डेवार, कमालूर, कुन्देली एवं झिरका जैसी 12 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस दौरान राशन कार्ड, पेंशन, आवास, आयुष्मान कार्ड और मनरेगा जैसी मूलभूत सेवाओं से संबंधित कुल 269 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। प्रशासन की सक्रियता का अंदाज़ा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अधिकांश आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर पात्र हितग्राहियों को तत्काल लाभान्वित किया गया, जिससे ग्रामीणों में भारी उत्साह और संतोष देखा गया।

शिविर को संबोधित करते हुए विधायक ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार का संकल्प हर जरूरतमंद तक बिना किसी बाधा के योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से सरकार अब गाँव-गाँव पहुंचकर जनता के द्वार पर उनकी समस्याएँ सुलझा रही है। इसी कड़ी में जिला पंचायत अध्यक्ष ने प्रशासन की इस पहल को जनता और सरकार के बीच बढ़ते विश्वास का प्रतीक बताया। उन्होंने अधिकारियों को पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करने और ग्रामीणों को जागरूक रहने का आह्वान किया। प्रशासनिक दृष्टिकोण साझा करते हुए जिला पंचायत सीईओ ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और उनकी व्यक्तिगत समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए बताया कि आगामी 4 मई से क्षेत्र में बस्तर मुन्ने अभियान का शुभारंभ किया जाएगा, जो विशेष रूप से बच्चों के विकास और उनकी बेहतर शिक्षा पर केंद्रित होगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्रशासन अंतिम व्यक्ति तक न्याय और सुविधा पहुंचाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इस आयोजन में जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता भास्कर, जनपद सीईओ प्रदीप पेटल, जिला एवं जनपद पंचायत सदस्यों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य का ध्यान रखने के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बीजापुर

अनुविभागीय अधिकारी जागेश्वर कौशल ने व्यापारिक संघ एवं विभिन्न विभागों से जुड़े मुद्दों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में व्यापारियों, दुकानदारों तथा होटल एवं खान-पान व्यवसाय से जुड़े लोगों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान दुकानों के रखरखाव, खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, एक्सपायरी सामग्री की पहचान एवं निस्तारण, पॉलिथीन के उपयोग तथा स्वच्छता संबंधी नियमों के पालन पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। व्यापारियों को खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करने, एक्सपायरी उत्पादों को तुरंत हटाने तथा निर्धारित नियमों के अनुसार डिस्पोजल करने के निर्देश दिए गए। साथ ही पॉलिथीन के सीमित एवं नियमबद्ध उपयोग के बारे में भी जागरूक किया गया।

- बीजापुर में अनुविभागीय अधिकारी ने ली बैठक

बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति रही, जिनमें नगर पालिका, खाद्य एवं सुरक्षा विभाग, श्रम विभाग तथा यातायात विभाग के प्रतिनिधि शामिल थे। इस दौरान बीएमओ बीजापुर डॉ. विकास गवेल, नगर पालिका सीएमओ बंशीलाल नुरुटी, फूड एंड सेफ्टी ऑफिसर डीके देवांगन, श्रम निरीक्षक सोपान कर्णेवार एवं यातायात प्रभारी भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने व्यापारियों से प्रशासन का सहयोग करने एवं नियमों का पालन सुनिश्चित करने की अपील की, ताकि शहर में स्वच्छ एवं सुरक्षित व्यापारिक वातावरण बना रहे।

# एनएमएमएस परीक्षा में 557 में से 538 छात्र हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बस्तर

राष्ट्रीय साधन सह योग्यता छात्रवृत्ति परीक्षा एनएमएमएस का आयोजन 1 मई को ब्लॉक बस्तर के 3 परीक्षा उपकेंद्रों सेजेस बस्तर, बालक भानपुरी और हायर सेकंडरी मुण्डागांव में दो पालियों में संपन्न हुआ।

परीक्षा के लिए कुल 557 छात्र पंजीकृत थे, जिनमें से 538 छात्र उपस्थित रहे और 19 छात्र अनुपस्थित पाए गए। सबसे अधिक 14 छात्र सेजेस बस्तर केंद्र में अनुपस्थित रहे। ब्लॉक के 61 संकुलों से कक्षा 8वीं में अध्ययनरत पात्र छात्रों ने इस परीक्षा में भाग लिया।



### दो पालियों में हुई परीक्षा

एनएमएमएस परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई। प्रथम पाली सुबह 9:30 से 11:30 बजे तक और द्वितीय पाली दोपहर 1 से 2:30 बजे तक संपन्न हुई।

### अधिकारियों ने किया निरीक्षण

परीक्षा केंद्रों का मुआयना सीईओ जनपद पंचायत बस्तर भानुप्रताप चुरेन्द्र, बीईओ भारती देवांगन, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार तिवारी, बीआरसी कोर्राम सहित प्राचार्य चंद्रभान मिश्रा और पीआर लाउत्रे ने किया। परीक्षा की निगरानी के लिए अनुभाग स्तर और जिला स्तर पर उड़नदस्ता दल का गठन भी किया गया था। अधिकारियों ने परीक्षा के शांतिपूर्ण और नकलविहीन संचालन पर संतोष व्यक्त किया।

# तोकापाल से करंजी मार्ग पर कोयर नाला में बनेगा पुल, सेतु निर्माण कर रहा सर्वे



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

बस्तर जिले के अंतर्गत तोकापाल से करंजी मार्ग पर कोयर नाला में ग्रामीणों और राहगीरों की सुविधा के लिए 150 मीटर लंबा पुल निर्माण प्रस्तावित है। इस पुल से क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन की बेहतर सुविधा प्रदान करना, विशेषकर वर्षा ऋतु के दौरान होने वाली असुविधा को दूर किया जाएगा। साथ ही पुल तोकापाल और करंजी क्षेत्र के गांवों को सीधे जोड़ेगा, जिससे स्थानीय व्यापार और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच आसान होगी। बताया जा रहा है कि हर वर्ष बारिश के दौरान यह मार्ग अवरूद्ध होता है, इसलिए ग्रामीणों ने पुल निर्माण की मांग की थी। वहीं दूसरी ओर पुल निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण के एसडीओ एवं इंजीनियर ड्राईंग के साथ सर्वे कर रहे हैं। सर्वे के बाद प्रस्ताव बनाकर मुख्यालय को भेजा जाएगा, उसके स्वीकृति पर पुल निर्माण के लिए टेंडर किया जाएगा, उसके बाद निर्माण कार्य शुरू होगा। सेतु निर्माण जगदलपुर संभाग के एसडीओ श्रीनिवास कोराम ने बताया कि तोकापाल से करंजी मार्ग पर कोयर नाला में पुल निर्माण के लिए सर्वे किया जा रहा है। इसकी स्वीकृति के बाद निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

# चाकूबाजी कर फरार 3 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



कोड़ेनार थाना क्षेत्र के आरापुर में शादी समारोह में डीजे की धून में डांस के दौरान चाकूबाजी करने वाले सभी तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। आरोपियों के कब्जे से चाकू के अलावा काती व स्टील का कड़ा भी बरामद किया गया जिससे उन्होंने हमला किया था।

22 अप्रेल को मामले की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए प्रार्थी धीरसाय नाग निवासी सोसनपाल कोटवार पारा ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि चुम्मन बघेल निवासी बड़े आरापुर के घर शादी समारोह चल रहा था जहां उनका बेटा सागर नाग व पड़ोसी प्रियांशु कुर्रे के साथ गया हुआ था। शादी समारोह में डीजे की धून पर सागर नाग, प्रियांशु कुर्रे, फुलसिंग बघेल व अन्य लोग नाच रहे थे। इसी दौरान दुगनपाल निवासी देवेन्द्र पिता देवनाथ, संतोष पिता सामनाथ व लक्ष्मण उर्फ टेड्डू पिता फुलदास तथा अमन कुमार उर्फ अमल निवासी राजूर ने भी आकर नाचने लगे। देवेन्द्र हाथ में स्टील का कडा पहना था जिससे नाचने के दौरान देवेन्द्र के द्वारा पहने कड़ा लगने से सागर नाग, प्रियांशु कुर्रे एवं फुलसिंग बघेल के द्वारा देवेन्द्र को हाथ में पहने कडा को उतार कर नाचने कहने पर आरोपीगण देवेन्द्र पिता देवनाथ, संतोष पिता सामनाथ, निवासी दुगनपाल, अमन कुमार उर्फ अमल पिता सुखनाथ निवासी राजूर एंव विधि से संघर्षरत बालक के द्वारा एक राय होकर मां बहन की गंदी गंदी गाली देते हुये धारदार स्टील का चाकू व मुर्गा बांधने का लोहे का काती व स्टील के कड़ा से सागर नाग को दाहिने भाग पसली में, प्रियांशु कुर्रे को दाहिने हाथ कलाई के पास, फुलसिंग बघेल को दाहिने भाग पसली मारकर गंभीर चोट पहुंचाया गया था। रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 118(1), 109, 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर फरार आरोपियों की तलाश की जा रही थी। एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश पर थाना प्रभारी कोडेनार निरीक्षक अमित पदमशाली के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा आरोपी संतोष निवासी दुगनपाल, अमन कुमार उर्फ अमल निवासी राजूर को हिरासत में लेकर उनके कब्जे से धारदार चाकू व मुर्गा बांधने का लोहे का काती व स्टील का कड़ा बरामद कर जब्त किया गया। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेजा गया। कार्रवाई में निरीक्षक अमित पदमशाली के अलावा एएसआई पन्नालाल कुंजाम, महिला प्रधान आरक्षक पिलेश्वरी साहू, आरक्षक मुरलीधर कश्यप, लखन गडमिया व गोविन्द ठाकुर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# अमृत मिशन पाइपलाइन टेस्टिंग में लीकेज से बह रहा पानी : पाण्डेय

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

शहर में अमृत मिशन योजना को धरातल पर उतारने का कार्य जारी है। पिछले कार्यकाल में बिछाई गई पाइपलाइनों की टेस्टिंग की जा रही है। इस प्रक्रिया के दौरान लाल चर्च के पास, महेंद्र कर्मा बंगला, पुराना बस स्टैंड के पास पानी का बहाव देख नागरिकों में भ्रम की स्थिति बन रही थी। जिस पर महापौर संजय पांडे ने स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि नियमित पानी की आपूर्ति जारी है अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है।

उन्होंने बताया कि पाइपलाइन बिछाते समय एयरवॉल और टी-पॉइंट के लिए कुछ स्थान खाली छोड़े जाते हैं। टेस्टिंग के दौरान इन स्थानों से पानी का बाहर आना एक सामान्य तकनीकी प्रक्रिया है। इन बिंदुओं पर एयरवॉल लगाने का



कार्य प्रगति पर है और पूरानी पाइपों का सुधार जारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कोई पाइपलाइन फटने या खराबी का मामला नहीं है।

महापौर ने बताया की योजना के लिए लगभग 100 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए थे जो पूर्ववर्ती सरकारों और एजेंसियों की लेटलतीफी के कारण विलंब हुआ। वर्ष 2021-22 में कांग्रेस शासनकाल के दौरान नई एजेंसी को काम दिया गया, लेकिन वह भी समय पर कार्य पूरा नहीं कर पाए। भाजपा सरकार के गठन के

- पिछले कार्यकाल में बिछे पाइपलाइन की हो रही टेस्टिंग, भ्रमित न हो जनता

बाद विधायक किरण सिंह देव के सहयोग से योजना को पुनर्जीवित किया गया है। वर्तमान में इंटेक वेल, ट्रीटमेंट प्लांट और सप्लाई लाइन की सफाई व टेस्टिंग का काम चल रहा है। टेस्टिंग के दौरान सामने आ रही तकनीकी त्रुटियों को तत्काल सुधारने के निर्देश निर्माण एजेंसी को दिए गए हैं।

### पहले चरण में एक दर्जन वार्ड में पहुंचेगा पानी

महापौर ने आश्वस्त किया है कि इस टेस्टिंग प्रक्रिया से शहर के नियमित पेयजल व्यवस्था पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ेगा। टेस्टिंग और गुणवत्ता परीक्षण पूर्ण होते ही प्रथम चरण में शहर के 12 से 13 वार्डों में नियमित जल आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी। हमारा लक्ष्य हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना है।

### ये रहे मौजूद

निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य निर्मल पाणिग्रही, सुरेश गुप्ता, लक्ष्मण झा, संग्राम सिंह राणा, संजय विश्वकर्मा, पार्षद नरसिंह राव, निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा सहित विभाग के अधिकारी और निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# सेवानिवृत्त प्रधान पाठक को दी गई विदाई



**बीजापुर ।** शासकीय सेवा में अपने उत्कृष्ट योगदान के बाद सेवानिवृत्त हुए प्रधान पाठक नीलम गणपत राव को कलेक्टर संबित मिश्रा ने विदाई दी । इस अवसर पर कलेक्टर ने उनके लंबे एवं समर्पित सेवाकाल की सराहना करते हुए उन्हें पेंशन भुगतान आदेश भेंट किया। विदाई समारोह के दौरान कलेक्टर ने राव के स्वस्थ, सुखद एवं मंगलमय जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उनका योगदान सदैव प्रेरणादायक रहेगा और आने वाली पीढ़ियों को दिशा देता रहेगा। कार्यक्रम में उपस्थित जिला शिक्षा अधिकारी लखनलाल धनेलिया, जिला कोषालय अधिकारी महावीर प्रसाद टंडन एवं एपीसी जाकिर खान एवं उपस्थित अन्य अधिकारियों ने भी नीलम गणपत राव के कार्यों को याद करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।



खबर संक्षेप

## नजरी नक्शा का प्रारंभिक दौर पूरा, अब होगी डिजिटल गणना

**कांकेर।** नगरीय जनगणना के चार्ज अधिकारी और मुख्य नगर पालिका अधिकारी कांकेर द्वारा मकान सूचीकरण और मकान गणना का प्रारंभिक चरण नजरी नक्शा बनाना पूर्ण ज्ञान क पश्चात फील्ड में आई व्यावहारिक समस्याओं की पहचान और समाधान के लिए नगर पालिका सभाकक्ष में प्रगणकों और पर्यवेक्षकों की एक आपात बैठक बुलाई गई, जिसमें 11 सुपवाईजर सर्कल के कुल 90 लोग उपस्थित रहे। प्रगणकों ने अपने मकान सूचीकरण ब्लॉक सूचीकरण में स्थित भवनों की नबटिंग के रिपीटिशिन मिसिंग नंबर तथा नजरी नक्शा के अलावा कच्चे पक्के मकान तथा फील्ड में लोगो के द्वारा सहयोग असहयोग से संबंधित समस्याए समक्ष रखी गयी। सीएमओ पवन कुमार मेरिया ने अधीनस्थ जोन सहायक तथा प्रभारी अधिकारियां को प्रगणकों के साथ उपस्थित व फील्ड में सहयोग के लिए आदेशित किया, फिल्ड ट्रेनर रोशन वर्मा तथा विकास श्रीवास्तव के द्वारा प्रगणकों के प्रश्नों सदेहो तथा फिल्ड की समस्यों का निराकरण किया गया। फील्ड में जनता की भागीदारी तथा सहयोग के लिए अवगत काराया गया।

## युवक कांग्रेस की हुई आमाबेड़ा में बैठक

आमाबेड़ा ब्लॉक में युवा कांग्रेस की बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठन को मजबूत बनाने और आगामी गतिविधियों पर रणनीति तैयार की गई। आयोजित बैठक में युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राजेंद्र दुबे ने बैठक का मुख्य उद्देश्य बूथ चलो अभियान को सफल बनाना एवं संगठन विस्तार पर जोर देना रहा। इस दौरान पार्टी की विभिन्न गतिविधियों, जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं की भूमिका और जनसंपर्क बढ़ाने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष किशोर मरकाम, शेष गजबिये, प्रतीक मेश्राम, खेमराज कुंजाम, मधु पटेल, जीनू नेताम सहित समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सरस्वती शिशु मंदिर संबलपुर हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा 100 प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ प्रांत रायपुर से संबद्ध सरस्वती शिशु मंदिर संबलपुर में गुरुवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस वर्ष हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कुल 14 विद्यार्थियों में से 12 ने प्रथम श्रेणी तथा 2 ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त की।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, ॐ एवं भारत माता के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को नलिनीप्रभा वाजपेयी, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वालों को उपाध्यक्ष मिथलेश चांडक तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को पूर्व व्यवस्थापक प्रमोद चोपड़ा के सौजन्य से पुरस्कार प्रदान किए गए। हाई स्कूल परीक्षा में ललेश सेवक ने 85.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। प्रियांशु लेडिया 83.66 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान पर रहे, जबकि अंश साहू एवं थानेश कोसरिया ने 81.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा-वार परिणाम में कक्षा अरुण में वीणा यादव 98 प्रतिशत प्रथम, अनन्या कवाची एवं लव जैन 97 प्रतिशत द्वितीय, युष्मिता नरेती एवं कविश कुमार यादव 96 प्रतिशत तृतीय रहे। कक्षा उदय में प्रियांशी चालकी 98.33 प्रतिशत प्रथम, पूर्वेश कोसमा एवं पूर्व साहू 97.66 प्रतिशत द्वितीय, ओजस 97 प्रतिशत तृतीय रहे। कक्षा प्रथम में हास्विका नायक 94.5 प्रतिशत प्रथम, लक्षिता देहरी 91.4 प्रतिशत द्वितीय, प्रेम सिवाना 82.2 प्रतिशत तृतीय रहे। कक्षा द्वितीय में क्षिप्रांश बाजपेयी 96.7 प्रतिशत प्रथम, प्रशंसा 86.4 प्रतिशत द्वितीय, यश नायक 85.7 प्रतिशत तृतीय रहे। कक्षा तृतीय में रचना गावड़े 94.5 प्रतिशत प्रथम, नताशा ध्रुव 91 प्रतिशत द्वितीय, विद्या कुलदीप 90.5 प्रतिशत तृतीय रहे। कक्षा चतुर्थ में सुक्षित 100 प्रतिशत प्रथम, फाल्गुनी रजक 96 प्रतिशत द्वितीय, निखिल 94 प्रतिशत तृतीय रहे। कक्षा पंचम में यामी कोसमा 90 प्रतिशत प्रथम, नान्शी कल्लो 89.5 प्रतिशत द्वितीय, गोकुल 87 प्रतिशत तृतीय रहे। कक्षा षष्ठ में वैष्णवी दर्रो 91.8 प्रतिशत प्रथम, लक्की नेताम 90.2 प्रतिशत द्वितीय, लक्ष्य प्रजापति 88.73 प्रतिशत तृतीय रहे। कक्षा सप्तम में लक्ष्य कसेर 92.1 प्रतिशत प्रथम, यामिनी मांडवी 88.6 प्रतिशत द्वितीय, अभय निषाद 84.2 प्रतिशत तृतीय रहे। कक्षा नवम में झलक नेताम 79 प्रतिशत प्रथम, एकता प्रजापति 75.45 प्रतिशत द्वितीय, तेजस्वी साहू 75.18 प्रतिशत तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच अनीता रावते, विशेष अतिथियों में पारसमल बोथरा, कार्तिक राम भुआरे, सरजित सरकार तथा दुखिया फाफा मारिया उपस्थित रहे।

### प्रोत्साहन : मेधवी छात्र-छात्राओं से की मुलाकात, किया प्रोत्साहित

# आर्थिक अभाव नहीं बनेगी पढ़ाई में बाधा छात्रों को हरसंभव मदद देंगे: हरेश मंडावी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कठिन परिस्थितियों को चुनौती देते हुए जिले की प्रतिभाशाली छात्रा महेश्वरी और यश ने वह कर दिखाया, जो हर किसी के लिए प्रेरणा बन गया है। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित 12वीं परीक्षा परिणाम में दोनों ने प्रदेश स्तर पर कला संकाय में दसवां स्थान हासिल कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे कांकेर जिले का नाम रोशन कर दिया है। आर्थिक रूप से बेहद कमजोर पृष्ठभूमि से आने वाली महेश्वरी की यह उपलब्धि इस बात का सशक्त उदाहरण है कि यदि इरादे मजबूत हों तो कोई भी बाधा सफलता के मार्ग में दीवार नहीं बन सकती।

जिला प्रशासन ने भी इस उपलब्धि को गंभीरता से लेते हुए छात्रा का उत्साहवर्धन करने के लिए जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी स्वयं छात्रा के निवास पहुंचे और उसे मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस दौरान उन्होंने महेश्वरी के माता-पिता से भी मुलाकात कर उनके संघर्ष और समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद बेटी ने जिस तरह से यह मुकाम हासिल किया है, वह पूरे समाज के लिए प्रेरणादायक है। इस अवसर पर



नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन का उल्लेख करते हुए जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि जिला प्रशासन हर प्रतिभाशाली विद्यार्थी के साथ खड़ा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आर्थिक अभाव किसी भी छात्र की पढ़ाई में बाधा नहीं बनने दिया जाएगा।

जरूरतमंद विद्यार्थियों को हरसंभव सहयोग, मार्गदर्शन और प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा, ताकि वे अपने सपनों को साकार कर सकें। उन्होंने आगे बताया कि जिले में 'हमर लक्ष्य' अभियान के तहत विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा, करियर मार्गदर्शन और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण और कमजोर वर्ग के छात्रों को भी समान अवसर प्रदान करना है, ताकि वे अपनी प्रतिभा के दम पर आगे बढ़ सकें।

कार्यक्रम के दौरान चारामा विकासखंड के शिक्षा अधिकारी, प्राचार्य, शिक्षकगण, अभिभावक और ग्रामीणजन भी उपस्थित रहे। सभी ने महेश्वरी और यश की सफलता पर खुशी व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। गांव में इस उपलब्धि को लेकर उत्सव जैसा माहौल देखा गया, जहां हर कोई इस सफलता को अपनी जीत मान रहा है।

### वनांचल में हमर लक्ष्य की महक से लिखी सफलता की गौरवगाथा

**दुर्गुकोंदल।** जिला के दुर्गूकोंदल विकासखंड ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 की बोर्ड परीक्षाओं में हमर लक्ष्य और अनुरोध जैसे प्रभावी कार्यक्रमों के माध्यम से सफलता का नया इतिहास रचा है। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन और शिक्षा विभाग की सूक्ष्म रणनीति के फलस्वरूप यहाँ की भौगोलिक चुनौतियों को पीछे छोड़ते हुए विद्यार्थियों ने अभूतपूर्व प्रदर्शन किया है। इस वर्ष कक्षा दसवीं में 95.93



प्रतिशत और बारहवीं में 94.75 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए, जिसमें प्रथम श्रेणी में आने वाले विद्यार्थियों की बड़ी संख्या शिक्षण की उच्च गुणवत्ता को प्रमाणित करती है। विशेष रूप से विज्ञान और गणित संकायों के शानदार परिणामों के साथ-साथ वनांचल के नौ मेधावी छात्रों का जेईई मेन्स में चयनित होना क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बना है। अनुरोध अभियान के तहत शाला त्यागी बच्चों को पुनः शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना और हमर लक्ष्य के जरिए विषयवार जटिलताओं को सुलझाना इस उपलब्धि के आधार स्तंभ रहे हैं। संकायवार विश्लेषण में विज्ञान संकाय ने सर्वाधिक 98.69 प्रतिशत परिणाम दर्ज किया। यह गौरवगाथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी विप्लव डे, उनकी समर्पित टीम और समस्त प्राचार्यों के सामूहिक नेतृत्व का प्रतिफल है। दुर्गुकोंदल का यह मॉडल सिद्ध करता है कि दृढ़ प्रशासनिक संकल्प और शिक्षकों के अथक परिश्रम से सुदूर क्षेत्रों के छात्र भी राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धाओं में अपनी चमक बिखेर सकते हैं।

## बौद्ध समाज ने मनाई बुद्ध पूर्णिमा दिया शांति-करुणा का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

नगर में बुद्ध पूर्णिमा का पावन पर्व बौद्ध समाज द्वारा श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर अंबेडकर सांस्कृतिक भवन बुद्ध विहार में वैशाख पूर्णिमा के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें समाज के प्रबुद्धजन, वरिष्ठजन, उपासक-उपासिकाएं और अनुयायी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत गौतम बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इसके बाद उपस्थित जनों ने बुद्ध वंदना, त्रिशरण और पंचशील ग्रहण कर आध्यात्मिक वातावरण को और भी गरिमामय बना दिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान श्रद्धा, अनुशासन और शांति का भाव स्पष्ट रूप से देखने को मिला। इसके पश्चात धम्म देशना का आयोजन किया गया, जिसमें भगवान बुद्ध के जीवन और उनके उपदेशों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने बताया कि वैशाख पूर्णिमा का दिन भगवान बुद्ध के जन्म, ज्ञान प्राप्ति और महापरिनिर्वाण इन तीनों महान घटनाओं का प्रतीक है, इसलिए इसे त्रिगुण पावन पर्व कहा जाता है। कार्यक्रम में जानकारी दी गई कि भगवान बुद्ध का जन्म 563 ईसा पूर्व लुंबिनी में हुआ, उन्हें बोधगया में बोधि वृक्ष के नीचे ज्ञान प्राप्त हुआ और 80 वर्ष की आयु में कुशीनगर में महापरिनिर्वाण प्राप्त हुआ। उनके उपदेश आज भी मानव जीवन को शांति, करुणा, सत्य, अहिंसा और मध्यम मार्ग की ओर प्रेरित करते हैं। वक्ताओं ने कहा कि बुद्ध पूर्णिमा केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि मानवता को सही दिशा देने वाला संदेश है। यह दिन आत्मिक शांति, संतुलन और सद्भाव को बढ़ावा देने का अवसर प्रदान करता है। इस अवसर पर ध्यान, साधना, दान और सेवा जैसे कार्य विशेष पुण्यकारी माने जाते हैं। कार्यक्रम में बौद्ध समाज अध्यक्ष वरुण खापर्डे, सचिव बृजेश कुमार ऊके, जिला उपाध्यक्ष किरण डोंगरे, जिला कार्यकारिणी सदस्य प्रकाश गौस्वामी, विनोद रंगारी, विनय खैरखार, रूपल रावड़े, प्रतिभा मेश्राम, देवदत्त खोबरागड़े, राजेंद्र मेश्राम, ममता रामटेके, बैजू खैरखार, मीना गौस्वामी सहित समाजजन उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय छात्रवृत्ति के लिए हुई परीक्षा दो केंद्रों में 501 विद्यार्थी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



जिले के विकासखंड दुर्गुकोंदल में सत्र 2025-26 के अंतर्गत आयोजित राष्ट्रीय साधन सह प्रवीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा उत्साह, अनुशासन और शांतिपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक हुई। परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

परीक्षा के लिए विकासखंड में दो प्रमुख केंद्र बनाए गए थे। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेजेस दुर्गुकोंदल तथा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भंडारडिगी। सेजेस केंद्र में 300 पंजीकृत विद्यार्थियों में से 289 उपस्थित रहे, जबकि 11 अनुपस्थित रहे। भंडारडिगी केंद्र में 216 में से 212 विद्यार्थी उपस्थित हुए और केवल 4 अनुपस्थित रहे। इस प्रकार कुल 516 में से 501 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। कुल उपस्थिति 97.09 प्रतिशत दर्ज की गई, जो विद्यार्थियों की जागरूकता और गंभीरता को दर्शाती है। परीक्षा दिवस पर सुबह से ही दोनों केंद्रों में हलचल रही। विद्यार्थी निर्धारित समय से पहले ही पहुंचने लगे थे, वहीं अभिभावक भी बच्चों का उत्साहवर्धन करने बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। शिक्षक अंतिम समय तक मार्गदर्शन करते नजर आए, जिससे पूरे क्षेत्र में शिक्षा के प्रति सकारात्मक माहौल दिखाई दिया। परीक्षा दो चरणों में आयोजित की गई। प्रथम प्रश्नपत्र मानसिक क्षमता परीक्षण सुबह 10 बजे से 11:30 बजे तक हुआ, जिसमें तार्किक और विश्लेषणात्मक क्षमता का आकलन किया गया। द्वितीय प्रश्नपत्र शैक्षणिक अभिरुचि परीक्षण दोपहर 1 बजे से 2:30 बजे तक सम्पन्न हुआ, जिसमें गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान विषयों से प्रश्न पूछे गए। दोनों परीक्षाएं सुव्यवस्थित ढंग से हुईं। सहायक खंड शिक्षा अधिकारी अंजनी मंडावी ने बताया कि पिछले वर्षों की तुलना में प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर विद्यार्थियों में विशेष उत्साह बढ़ा है। उन्होंने बताया कि गत वर्ष इस परीक्षा में 137 विद्यार्थियों का चयन हुआ था, जो एक उल्लेखनीय उपलब्धि रही। इस अवसर पर बीआरसी लतीप सोम, प्राचार्य अजय नेताम, आब्जर्वर थानेश्वर चंद्राकर, प्राचार्य बैजनाथ नरेटी, आब्जर्वर हेमंत श्रीवास्तव, परीक्षा प्रभारी वासु शंकर सिन्हा, संकुल समन्वयक राजकुमार चंद्राकर सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी और शिक्षक उपस्थित रहे।

## मजदूर दिवस पर मेहनतकशों का सम्मान भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ की सराहनीय पहल

**कांकेर।** अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के व्यापार प्रकोष्ठ द्वारा क्षेत्र के मेहनतकश मजदूरों का सम्मान कर एक प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मजदूरों को गमछा और श्रीफल भेंट कर उनके श्रम, समर्पण और समाज निर्माण में दिए गए महत्वपूर्ण योगदान को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का माहौल अत्यंत उत्साहपूर्ण और भावनात्मक रहा, जिसमें मजदूरों के चेहरे पर खुशी और गर्व साफ झलक रहा था।

आयोजन का मुख्य उद्देश्य मजदूरों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना और समाज में उनके महत्व को रेखांकित करना था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष



अरुण कौशिक ने कहा कि मजदूर समाज की रीढ़ होते हैं और उनके बिना किसी भी विकास की कल्पना अधूरी है। उन्होंने कहा कि देश और समाज की प्रगति में मजदूरों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए उनके सम्मान और अधिकारों की रक्षा करना हम सभी की जिम्मेदारी है। व्यापार प्रकोष्ठ संयोजक व पार्षद हितेंद्र खटवानी ने मजदूर दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मजदूरों का परिश्रम ही समाज की नींव को मजबूत करता है। उन्होंने आश्वस्त किया कि मजदूरों के हितों की रक्षा और उनके कल्याण के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। कार्यक्रम के अंत में राजकुमार लच्छानी ने सभी अतिथियों और उपस्थित मजदूर भाइयों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक संदेश देने के साथ-साथ मजदूरों के मनोबल को भी बढ़ाते हैं। आयोजित कार्यक्रम में सह संयोजक राकेश शर्मा, ललित गांधी, कोषाध्यक्ष रूपेश महेश्वरी सहित धनेश साहू, धीरज जयसवाल, चंद्रहास साहू, जागेश्वर देवांगन और तुषार लच्छानी भी उपस्थित रहे।

## तेंदूपत्ता संग्रहण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों किया जाएगा सम्मान

**पखांजूर।** कापसी वन परिक्षेत्र में वर्ष 2026 के तेंदुपत्ता संग्रहण सीजन को लेकर वन विभाग ने विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जोनल अधिकारी देवदत्त तारम ने सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को गुणवत्ता, संग्रहण प्रक्रिया और प्रबंधन में सख्ती बरतने के निर्देश दिए हैं। जारी सूचना के अनुसार इस वर्ष उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकतम दो कर्मचारियों को 15 अगस्त को पखांजूर स्थित पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी मिनी स्टेडियम में आयोजित मुख्य समारोह के दौरान मुख्य अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। जोनल अधिकारी ने तेंदुपत्ता संग्रहण को वन विभाग की एक महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजना बताते हुए



सभी पोषक अधिकारी, प्रबंधक, फड़ अभिरक्षक एवं फड़ मुंशियों से पूरी मेहनत और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बेहतर कार्य करने वाले कर्मचारियों को समाज में सम्मान और पहचान मिलती है। वन विभाग ने तेंदुपत्ता की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए हैं। केवल अच्छी गुणवत्ता वाले, बीड़ी बनाने योग्य पत्ते ही स्वीकार किए जाएं, पत्तों में दाग, कीड़ा या कट-फटाव न हो, पुराने या अनुपयुक्त पत्तों को संग्रहण में शामिल न किया जाए, प्रत्येक गड्डी में 50 पत्ते होना अनिवार्य रहेगा। चट्टे लगाने से पहले दीमकनाशी दवा का छिड़काव अनिवार्य 10×10 गड्डियों के चट्टे पूर्व से पश्चिम दिशा में लगाए जाएं, चट्टों को छायादार स्थान या पेड़ों के नीचे न रखा जाए, संग्रहण केंद्रों में सूर्यास्त से पहले ही खरीदी सुनिश्चित की जाए। सभी आवश्यक दस्तावेज समय पर पूर्ण किए जाएं, संग्राहकों के खातों की नियमित जांच हो, केंद्र में मवेशियों के प्रवेश पर रोक लगाई जाए, पत्तों की समय-समय पर उलटाई-पलटाई की जाए।

जोनल अधिकारी देवदत्त तारम ने सभी कर्मचारियों से इन निर्देशों का कड़ाई से पालन करते हुए तेंदुपत्ता संग्रहण कार्य को सफल बनाने की अपील की है।

## सीईओ व तहसीलदार ने बस्तर मुन्ने शिविर का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यज ▶▶| भानुप्रतापपुर

विकासखण्ड भानुप्रतापपुर के ग्राम नरसिंगपुर में जनकल्याणकारी अभियान के तहत 2 मई को बस्तर मुन्ने शिविर आयोजित की गई, जिसके तहत शनिवार को ग्राम नरसिंगपुर में गांव के बीच स्थित बरगद वृक्ष के छाव में



शिविर आयोजित किया गया।

भानुप्रतापपुर के जनपद सीईओ जीएस चुरेंद्र और तहसीलदार सुरेंद्र ऊर्वसा ने गांव पहुंचकर शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना। संबंधित अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का त्वरित कार्रवाई कर निराकरण करने के निर्देश दिए।

आयोजित शिविर में ग्रामीणों द्वारा विभिन्न जन हितैषी योजनाओं का लाभ लेने मांगो संबंधी आवेदन शिविर प्रभारी एंव पीठासीन अधिकारी को आवेदन प्रस्तुत किया गया शिविर में कुल 43 मांग संबंधी आवेदन प्राप्त हुए, जिसमे वृद्धा पेंशन 16, पीएम आवास 3, पीएम उज्वला योजना 5, मृत्य प्रमाणपत्र 1, आधार कार्ड 1, वन अधिकार 3, आंगनबाड़ी 1, सोलर पंप 1, महतारी वंदन 1, शौचालय निर्माण 1, राशन कार्ड 3, विधवा पेंशन 2, सामुदायिक भवन 1, टिन शेड निर्माण 1, नाली निर्माण 1, जन्म प्रमाण पत्र 1 आवेदन दिए। उसमें से 5 आवेदनों का निराकरण तत्काल मौके पर किया गया। शेष 38 आवेदकों का समय सीमा निराकरण किया जाएगा। इस दौरान शिविर में सरपंच परर्निया भुरकुईया, ग्राम पटेल हंसहराज ठाकुर, एडिशनल सीईओ राधेश्याम भास्कर, पुलिस उपनिरीक्षक अवधराम गढ़पाले, शिविर प्रभारी ओमप्रकाश बघेल, पीठासीन अधिकारी नारायण सिंग, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी प्रवीण कवाची, पटवारी यशवंत शोरी, पूर्व सरपंच हिंसाराम भुरकुईया, सचिव रघुवर साहू, रोजगार सहायक संतोष बघेल, किसान मित्र ललतू राम उईके समेत विभिन्न विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहें।




तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज



गर्मी की छुट्टीयों का सही इस्तेमाल करें और
कमाएं
₹ 12,000 प्रति माह
योग्यता- 12वीं से स्नातक
मात्र 8 घंटे का आसान काम
और फिर आराम ही आराम
ऐसे ऊर्जावान युवक युवतियों की आवश्यकता है जो अपने टेलेंट से मीडिया में महत्वपूर्ण स्थान बना सके।
स्वयं का वाहन होना आवश्यक, संपर्क अभियान से लक्ष्य प्राप्त करने में सक्षम युवा संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।
ब्यूरो कार्यालय :
ऊपर नीचे रोड, कांकेर
मो. 70009 55574, 9098324969